New Big & Small Industries

2469. SHRIMATI V. JEYALAKSHMI: SHRI B. P. KADAM : Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state the corresponding number of newly started industries both big and small in the country during 1976-77 and 1977-78,

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRIMATI ABHA MAITI) : The number of large and medium scale industrial units newly started in the country during 1976-77 and 1977-78 is as follows :—

Year	Nos.
1976-77 .	274
1977-78 .	214

Information about the number of small scale industrial units newly started during the calendar years 1976 and 1977 is as under :—

Year	Nos.
1976 .	20,834
1977 .	25,820

Similar information for the financial years 1976-77 and 1977-78 is not readily available.

कोटा तापीय बिजलीघर (राजस्थान) में अतिरिक्त यूनिटों की स्थापना

2470. **श्री नाथू सिंह :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान सरकार ने कोटा तापीय बिजलीघर में दो अतिरिक्त यूनिटें स्थापित करने का प्रस्ताव भेजा है ;

(ख) क्या दो यूनिटों की स्थापना के लिए सरकार ने मंजूरी दे दी है और इन यूनिटों की स्थापना पर कितना व्यय आयेगा; और

(ग) क्या राज्य के पश्चिमी भाग में बिजली की कमी को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार वहां तापीय बिजली घर स्थापित करने के लिए सहायता देने का है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) जी, हां ।

(ख) प्रस्ताव का केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण में जांच की जा रही है । प्रस्ताव की अनुमानित लागत 12881 लाख रुपए है ।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार को प्राप्त नहीं हुआ है ।

बस्तर जिले और चम्बल संभाग के मुरैना में सीमेंट के संयंत्रों की स्थापना

2471. **श्री छविराम अर्गल :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया, बस्तर जिले मे सीमेंट का संयत्र कब स्थापित करेगा और इसमें उत्पादन कब से आरम्भ होगा; और

(ख) क्या चंबल संभाग के मुरैना में भी, जहां कच्चे माल का अपार भंडार है, ऐसा संयत्र स्थापित किया जायेगा ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी आभा मयती) : (क) भारतीय सीमेंट निगम ने मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में जगदलपुर में सीमेंट कोटि के चूने की उपलब्धता की खोज की थी । निगम ने इस क्षेत्र के लिये एक खनन पट्टा भी प्राप्त कर लिया था । किन्तु, निकट भविष्य में माल की ढुलाई के लिये रेलवे के कोटावालसा–किरान्डुल अनुभाग के खोले जाने की संभावना नहीं है । इसको ध्यान में रखते हुए बस्तर जिले में सीमेंट संयंत्र की स्थापना करने के लिये सीमेंट निगम के पास फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।